भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

IIT

INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

अमर उजाला

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 05.02.2019

विकास में सहयोगी बनेंगे पुरातन छात्र, बढ़ेगा छात्रों का कौशल

स्कॉलरशिप के साथ रिसर्च, इनोवेशन में भी बनेंगे सहयोगी

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू में पुरातन छात्रों की मदद से विकास को नया आयाम देने की तैयारी चल रही है। इससे रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को नई खोज और कौशल विकास के प्रति जागरूक किया जाएगा। सोमवार को निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन और आयोजन सचिव नितिन मल्होत्रा ने प्रेसवार्ता में बताया कि शताब्दी वर्ष समारोह (2018-2020) के तहत नौ से 12 फरवरी तक होने वाले ग्लोबल एल्युमनाई मीट में इस पर आगे की कार्ययोजना भी बनाई जाएगी।

आईआईटी बीएचयू में नौ से 12 तक चलेगा ग्लोबल एल्युमनाई मीट

निदेशक ने बताया कि देश-विदेश की बड़ी-बड़ी कंपनियों में अहम पदों पर कार्यरत पुरातन छात्रों की ओर से छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप देने के साथ ही रिसर्च और इनोवेशन में भी सहयोग किया जाता है। संस्थान में सुपर कंप्यूटर सेंटर, ट्रेनिंग एंड स्किल हब, इनोवेशन एंड रिसर्च सेंटर,

आईआईटी बीएचयू में होने वाले पुरातन छात्र समागम के बारे में सोमवार को जानकारी देते प्रो. पीके जैन और नितिन मलहोत्रा। अमर उजाला

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का सेंटर भी बनाए जाने की दिशा में कार्रवाई शुरू हो गई है। इसमें भी पुरातन छात्रों का भी सहयोग मिलेगा।

बताया कि एल्युमनाई मीट में 300 पुरातन छात्र परिवार संग भाग लेंगे। नौ फरवरी को उद्घाटन के बाद अमेजन और इंटेल की ओर से वर्कशॉप कराया जाएगा, जिसमें 70 छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग की जानकारी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन समापन में मनोज सिन्हा

आईआईटी बीएचयू में ग्लोबल एल्युमनी मीट का नौ फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उद्घाटन करेंगे। 11 फरवरी को समापन समारोह में विभाग के पुरातन छात्र और रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा मुख्य अतिथि रहेंगे। इस दौरान पुरातन छात्रों को शताब्दी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।